ମହାନଦୀ କୋଲ୍‌ଫିଲ୍‌ଡ୍‌ସ୍ ଲିମିଟେଡ୍
महानदी कोलफील्डस लिमिटेड
Mahanadi Coalfields Limited
(A subsidiary of Coal India Limited)

Office of the Dy. General Manager (MP&R)
At/PO: Jagruti Vihar, Burla
Dist. Sambalpur (Odisha) – 768 020
Ph: +91 (663) 2542929
Fax: +91 (663) 2542752

**संदर्भ सं. MCL/MP&R/Recruitment/ 2015/Statutory/719** **दिनांक : 08/06/2015**

# नियोजन सूचना

## एससी/एसटी के लिए विशेष भर्ती अभियान

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी (भारत सरकार का एक उपक्रम) ओड़िशा राज्य में कोयला खनन की गतिविधियों से जुड़ी है, निम्नलिखित रिक्तियों को भरने के लिये भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है :-

| अनु.क्र. | पद का नाम | मूल वेतन (एनसीडब्ल्यूए-IX) | बैकलॉग रिक्तियों | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | एससी | एसटी | |
| 1 | माइनिंग सरदार, टी एंड एस ग्रेड सी | ₹19035.02 PM | 21 | 70 | 91 |
| 2 | उप .सर्वेयर, टी एंड एस ग्रेड सी | ₹19035.02 PM | 00 | 03 | 03 |

*पदों को बढ़ाया या घटाया जा सकता है ।

उपरोक्त सभी पदों के लिए वेतन एवं भत्ते राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता (एनसीडबल्यूए)-**IX** के तहत देय होगा।

**आवश्यक न्यूनतम अर्हता(योग्यता)**:

1. **टी एंड एस ग्रेड-सी माइनिंग सरदार के लिए**

   i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य
   ii) खान एवं सुरक्षा महानिदेशक(डीजीएमएस) से प्राप्त वैध माइनिंग सरदारशीप प्रमाण पत्र
   iii) वैध प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र
   iv) वैध गैस टेस्टिंग प्रमाण पत्र

   **टिप्पणी .** जो उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 3 वर्षीय माइनिंग इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किए हों तथा खान एवं सुरक्षा महानिदेशक से वैध ओवरमैन कंपीटेंसी प्रमाण-पत्र, वैध प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र और गैस टेस्टिंग प्रमाण पत्र हो वे भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

2. **<u>उप सर्वेयर (टी एंड एस ग्रेड-सी):</u>**

   i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य

   ii) **खान एवं सुरक्षा महानिदेशक(डीजीएमएस) से प्राप्त वैध कंपीटेंसी का सर्वे प्रमाण-पत्र**

**<u>उम्र सीमा</u>:**

दिनांक 20.07.2015 को एससी/एसटी उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

**<u>आवेदन कैसे करें</u>**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले उपरोक्त पद, जिसके लिये वे आवेदन कर रहे हैं, के लिये अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें । आवेदन करने के लिये दो तरीके (साधन) हैं, जैसे ऑन-लाईन या ऑफ-लाइन । पात्र उम्मीदवार किसी भी तरीके से आवेदन कर सकते हैं हालांकि उम्मीदवारों को केवल आन-लाईन आवेदन करने को प्रोत्साहित किया जाता है।

**<u>ऑन-लाईन</u>**

1. आवेदन को आन-लाईन जमा करने के लिये पूर्व शर्तें (**Pre requisites**)

   (क) वैध ई-मेल आईडी – आन-लाईन आवेदन में दर्ज की गई ई-मेल आईडी नियोजन (**recruitment**) प्रक्रिया पूरी होने तक चालू (**Active**) रहनी चाहिये, एक बार दर्ज हो जाने पर ई-मेल आईडी में किसी भी तरह के बदलाव की अनुमति नहीं दी जायेगी।

   (ख) उम्मीदवार आन-लाईन आवेदन करते समय अपने रंगीन (**Colour**) फोटो को स्केन करके (**jpg or jpeg file only** प्रत्येक 20 केबी साइज से कम होनी चाहिये) आवेदन के साथ अप-लोड किया जाय।

   (ग) आवेदन फार्म जमा करने के पश्चात इसका प्रिंट आउट लेने की सुविधा

2. उम्मीवार हमारी वेबसाईट **www.mcl.gov.in** और **“Recruitment button”** पर क्लीक करें। आन-लाईन रजिस्ट्रेशन साईट **29/06/2015** से **20/07/2015** तक खुली रहेगी।

3. आन-लाईन आवेदन करने के पश्चात उम्मीदवार आवेदन फार्म का प्रिंट आउट ले लें एवं दिये गये स्थान पर हस्ताक्षर करें, अद्यतन पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो को चिपकाएं, सभी कागजातों की स्व-अनुप्रमाणित छायाप्रति जोड़ें तथा सामान्य शर्तो के अनुसार क्रमांक-3. में दिये गये पते पर **04/08/2015** तक या उससे पहले भेज दें। ऑन लाईन आवेदकों को ऑन-लाईन आवेदन करने की अंतिम तारीख से वर्णित पते पर आवेदन पत्र जमा करने के लिए 15 दिनों का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

**ऑफ-लाईन**

जो उम्मीदवार ऑफ-लाईन आवेदन करना चाहते हैं वे एमसीएल की वेबसाइट **www.mcl.gov.in**> **carrier@MCL"** पर उपलब्ध विहित आवेदन-पत्र पर अनिवार्य सूचना भरें, दिये गये स्थान पर हस्ताक्षर करें, अद्यतन पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं, सभी कागजातों की स्व-अनुप्रमाणित छाया प्रतियां जोड़ें तथा सामान्य शर्तो के अनुसार क्रमांक-3. पर दिये गये पते पर **20/07/2015** तक या उससे पहले भेज दें ।

**विभागीय उम्मीदवार:**

विभागीय उम्मीदवार के लिये उम्र की सीमा बाधक नहीं है । पात्रता मानदण्ड पूरा करने वाले विभागीय उम्मीदवार तथा कोल इंडिया लिमिटेड के अन्य अनुषंगी कंपनियों के उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं । उनका आवेदन-पत्र उचित माध्यम के द्वारा अग्रसारित होन चाहिए ।

**चयन प्रक्रिया:**

1. चयन प्रक्रिया में लिखित एवं साक्षात्कार की परीक्षा पद्धति अपनाई जायेगी । लिखित परीक्षा में लघु सूची में शामिल उम्मीदवार ही साक्षात्कार की परीक्षा के पात्र होंगे ।

2. **लिखित परीक्षा (80 Marks )**: योग्य उम्मीदवारों को किसी एक परीक्षा केन्द्र में लिखित परीक्षा देनी होगी, लिखित परीक्षा की सही अनुसूची यथा समय एमसीएल की वेबसाइट (www.mcl.gov.in) में प्रदर्शित की जायेगी। सभी पात्र उम्मीदवार जिनका नाम एमसीएल के वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वे अपना प्रवेश पत्र एमसीएल के वेबसाइट से सीधे डाउनलोड कर लें।

3. **साक्षात्कार की परीक्षा (20 Marks)**: लिखित परीक्षा में निष्पादन के आधार पर लघु सूची में शामिल किये गये उम्मीदवारों को साक्षात्कार की परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा, जिन्हें पंजीकृत डाक और ई-मेल के द्वारा सूचना दी जायेगी। लिखित परीक्षा में सभी सफल उम्मीदवारों एवं जिन्हें साक्षात्कार में बुलाया जाना है उनकी सूची वेबसाइट पर उपलध होगी।

**टिप्पणी:-**

सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे चयन प्रक्रिया के हर चरण में हमारी वेबसाइट (www.mcl.gov.in) में जाकर अद्यतन जानकारी रखें। चयन समेत भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी सवाल **mcl.recruitmentcell@gmail.com** के माध्यम से हमारी भर्ती टीम को भेजे जा सकते हैं ।

**स्वास्थ्य/चिकित्सकीय स्वस्थता :**

कंपनी द्वारा उक्त पद के लिये निर्धारित मानदंडो के आधार पर उम्मीदवारों के स्वस्थ पाये जाने की शर्त पर उक्त पद में नियुक्ति दी जायेगी । चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के प्राधिकृत चिकित्सक मण्डल की चिकित्सकीय जांच से होकर गुजरना होगा तथा कंपनी के प्राधिकृत चिकित्सा मण्डल द्वारा जारी स्वस्थता प्रमाण-पत्र की शर्त के आधार पर ही अंतिम नियुक्ति/कार्य योगदान मान्य होगा।

**<u>सामान्य शर्तें:</u>**

1. कंपनी के नियम/एनसीडव्ल्यूए- IX के तहत मूल वेतन के अलावे, पद में अन्य भत्ते तथा फ्रिंज सुविधाएं शामिल हैं।
2. आवेदन ऑन-लाईन या ऑफ-लाईन साधन द्वारा भेजे जा सकते हैं।

   ऑफ-लाईन आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2015 है।

   ऑन-लाईन आवेदन की अंतिम तिथि 04/08/2015 है।
3. दिए गए फार्मेट में पूरी तरह भरा हुआ आवेदन पत्र **"PO Box-1102,Jayanagar,3rd Block,Bangalore-560011"** के पास दिनांक 20/07/2015 को या तक (आफ लाईन आवेदन) तथा दिनांक 04/08/2015 को या तक (आन लाईन आवेदन) सामान्य डाक से पहुंचनी चाहिए। आवेदकों से यह अनुरोध किया जाता है कि वह आवेदन केवल सामान्य डाक से ही भेजें न कि स्पीड या पंजीकृत पोस्ट से या कुरियर से क्योंकि डाकघर के नियमों /परिपाटी के अनुसार इस तरह के पत्र पोस्ट बॉक्स में डेलिवर नहीं किए जाते हैं।
4. सरकारी/अर्धसरकारी सार्वजनिक उपक्रमों के उम्मीदवार अपना आवेदन उचित माध्यम के द्वारा भेजेंगे तथा यदि वे लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं एवं साक्षात्कार के लिये बुलाये जाते हैं तो साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लाए **अनापत्ति प्रमाण-पत्र** जमा करेंगे।
5. सामान्य शर्तो के क्रम संख्या-3 पर दिए गए पते पर समय पर आवेदन देने की पूरी जिम्मेवारी आवेदक की है। निर्धारित पते पर डाक के कारण देर से पहुंचने या कटे-फटे रूप में पहुंचे आवेदन किसी भी शर्त पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।
6. यद्यपि प्रवेश पत्र आवेदन में दिए गए पते पर काफी पहले स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से भेज दिया जाएगा तो भी सलाह दी जाती है कि निर्धारित लिखित परीक्षा के पहले यदि प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होता है तो एमसीएल के वेबसाईट- www.mcl.gov.in) से प्रवेश पत्र सीधे डाउनलोड कर लें। प्रवेश पत्र लिखित परीक्षा के दौरान निरीक्षक को सौंप दिया जाना चाहिए। अन्यथा लिखित परीक्षा में उनकी उम्मीदवारी / प्रदर्शन पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. डाक विभाग के कारण प्रवेश पत्र विलंब से पहुंचने के लिए एमसीएल किसी भी तरह जिम्मेदार नहीं होगा क्योंकि इसके वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में एमसीएल के वेबसाइट से इसे सीधे डाउनलोड करने का विकल्प प्रदान किया है।
8. जारी प्रवेश पत्र में यदि किसी प्रकार की त्रुटि/भूल प्रदर्शित होती है तो तत्काल एमसीएल प्रबंधन के पास लिखित परीक्षा के निर्धारित तारीख से 03 दिन पहले ई-मेल- **mcl.recruitmentcell@gmail.com** द्वारा सूचना दी जाए या लिखित पत्र द्वारा इसे तरह सूचना भेजी जाए कि वह लिखित परीक्षा के 03 तीन पहले उप महाप्रबंधक(एमपी एंड आर) का कार्यालय,

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड,मो./डाकघर-जागृति विहार,बुर्ला,जिला-संबलपुर-768020 (ओड़िशा) के पास पहुंच जाए।

9. आवेदन करते समय उम्मीवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे जिस पद के लिये आवेदन कर रहे हैं, उसके लिये निर्धारित आवश्यक पात्रता मानदण्ड एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं तथा उसके द्वारा दिया गया विवरण पूर्णत: सही हैं । यदि नियोजन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता लगता है कि उम्मीदवार आवश्यक पात्रता मानदण्ड और/या अन्य आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं और/या उन्होंने गलत/मिथ्या सूचना दी है या किसी संबंधित सूचना/हकीकत को छुपाया है तो उनकी उम्मीदवारी निरस्त मानी जायेगी । यदि ऊपर की किसी कमी/कमियों का पता उनकी नियुक्ति के बाद भी लगता है तो उनके सेवाकाल के दौरान उचित कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उन्हें नौकरी से हटाने या कानूनी कार्रवाई तक शामिल है ।

10. कंपनी बिना कोई कारण बताए आवेदन को रद्द करने का अधिकार रखती है ।

11. एमसीएल प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा तथा यह सभी उम्मीदवारों से संबंधित सभी मामलों जैसे पात्रता, आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करना उम्मीदवारों का चयन इत्यादि पर लागू है । इस मामले पर किसी तरह की पूछताछ/पत्राचार स्वीकार्य नहीं किया जायेगा ।

12. कंपनी यदि आवश्यक हो तो बिना कोई सूचना दिये या कारण बताए नियोजन प्रक्रिया को संशोधित/ पुन:अधिसूचित/निरस्त/स्थगित करने का अधिकार रखती है । प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा तथा कोई अपील नहीं सुनी जायेगी ।

13. आवेदन यदि किसी कारण से अधूरा या बिना हस्ताक्षर या बिना आवश्यक संलग्नक या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होता है तो उसे अस्वीकार कर दिया जायेगा एवं इस मामले पर किसी तरह का पत्राचार स्वीकार्य नहीं किया जायेगा ।

14. आवेदक की उम्मीदवारी अस्थायी होगी जो परवर्ती समय में प्रमाण-पत्रों/प्रशंसा-पत्रों की जाँच की शर्तें के अधीन रहेगी ।

15. लिखित/साक्षात्कार परीक्षा में भाग लेने के लिये किसी यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता का भुगतान नहीं किया जायेगा। हालांकि साक्षात्कार हेतु बुलाये गये एससी/एसटी के उम्मीदवारों को पत्राचार के पते से परीक्षा स्थल तक न्यूनतम मार्ग से टिकट की प्रस्तुति पर द्वितीय श्रेणी में आने-जाने के रेल भाड़े का भुगतान किया जायेगा (अगर प्रत्येक मार्ग में रेल द्वारा की गई यात्रा की दूरी 30 कि.मी. से कम हों।)

16. अगर विज्ञापन के अँग्रेजी और हिंदी पाठ में कोई अंतर हो तो अँग्रेजी पाठ प्रामाणिक माना जाएगा।

17. एक बार ऑन लाइन/ऑफ लाइन आवेदन पत्र भरने के बाद श्रेणी(अ.जा./अ.ज.जा.) में बदलाव हेतु किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा एवं तदनुसार लागू रियायत/छूट बढ़ाई नहीं जायेगी ।

18. पता बदलने हेतु किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

19. अगर उम्मीदवार के नाम/उसके पिता के नाम/उपनाम या उनके शैक्षिक/तकनीक/व्यावसायिक/जाति प्रमाण-पत्र/आवेदन-पत्र में उनकी जन्म तारीख में कोई अंतर/भिन्नता पाई जाती है तो उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी ।

20. उम्मीदवारों को सिर्फ एक आवेदन भेजने का निर्देश दिया जाता है ।

21. पात्रता के मानक को पूरा करनेवाले उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा अनंतिम तौर पर बुलाया जाएगा।

22. पात्रता के मानक पूरा करने वाले सभी विभागीय उम्मीदवारों एवं कोल इंडिया लिमिटेड की अन्य अनुषंगी कंपनियों के उम्मीदवारों को सिर्फ उचित माध्यम से ही आवेदन करना होगा । उनके लिये उम्र सीमा बाधक नहीं बनेगी । हालांकि उनके आवेदन उचित माध्यम से अग्रसारित होनी चाहिए ।

23. उनके आवेदन पत्र टंकण से अथवा कंप्यूटर प्रिटिंग से भरे हुए होने चाहिए ।

24. एमसीएल के किसी भी क्षेत्र/इकाई/विभाग में पदस्थापना हो सकती है।

25. फोटो और हस्ताक्षर के बिना किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

26. आवेदन फार्म के साथ सभी सहायक कागजातों जैसे-जाति प्रमाण पत्र एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित छायाप्रतियॉ जमा की जानी चाहिए । ऐसा नहीं होने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

27. विकलांग उम्मीदवारों को इस पद हेतु विचार नहीं किया जाएगा ।

28. महिला उम्मीदवार आवेदन के पात्र नहीं हैं ।

29. सभी प्रयोजनों के लिये विच्छेदक तिथि (कट-आफ डेट) 20/07/2015 को आवेदन की अंतिम तारीख के रूप में माना जाएगा ।

30. कार्य दिवसों पर प्रात: 10.00 बजे से अपरान्ह 5.00 बजे तक हेल्प लाइन नं. 0663-2542929 कार्य करेगा।

31. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायाधिकार क्षेत्र संबलपुर ही होगा ।

उप महाप्रबंधक (श्रमशक्ति एवं भर्ती)
एमसीएल मुख्यालय

OFFLINE APPLICATION FORMAT FOR STATUTARY POSTS

# Application for the post of Mining Sirdar & Dy.Surveyor T&S Gr.C

| | |
|---|---|
| Application to be Addressed to:<br>**(By Ordinary Post Only)**<br><br>**Do not send through Registered/Speed Post /Courier.** | **PO Box 1102,<br>Jayanagar 3rd Block,<br>Bangalore – 560011.** |

PASTE YOUR PASSPORT SIZE RECENT COLOUR PHOTOGRAPH

Please sign here

**(Fill up the following details in BLOCK letters)**

| | |
|---|---|
| Advertisement Ref No. | |
| Post Applied For | |
| Name | |
| Father / Husband's Name | |
| Mother's Name | |
| Caste (SC/ST)<br>(Please tick whichever is applicable & attach self-attested photo copy of certificate) | SC /ST |
| Religion | Hindu/ Muslim/ Sikh/ Christian/ Buddhist/ Zoroastrian/ Others |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date of Birth | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y | Age on cut-off date | Year | Month | Day |
| Sex<br>(Tick which ever is applicable) | Male ☐ | | | | Female ☐ | | | | | | | |

(Tick whichever is applicable. If yes put ✓, else ✗) **(Attach self-attested photocopies of all supporting documents)**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Diploma in Mining Engineering | ☐ | YES/NO | | | | | | | | |
| Mining Sirdarship Certificate issued by DGMS | ☐ | VALID TILL | | | | | | | | |
| Survey Certificate of Competency | ☐ | VALID TILL | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
| Overman Competency Certificate | ☐ | VALID TILL | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
| First Aid Certificate | ☐ | VALID TILL | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
| Gas Testing Certificate | ☐ | VALID TILL | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |

| **PRESENT ADDRESS for Communication** | | | |
|---|---|---|---|
| **C/o** | | | |
| **Line 1:** | | | |
| **Line 2:** | | | |
| **Post:** | | | |
| **District:** | | | |
| **State:** | | **PIN** | |
| **Telephone** | | **Mobile** | |
| **E-mail:-** | | | |

O F F L I N E A P P L I C A T I O N F O R M A T F O R S T A T U T A R Y P O S T S

| PERMANENT ADDRESS | | | |
|---|---|---|---|
| **C/o** | | | |
| **Line 1:** | | | |
| **Line 2:** | | | |
| **Post:** | | | |
| **District:** | | | |
| **State:** | | **PIN** | |
| **Telephone** | | **Mobile** | |
| **E-mail:-** | | | |

| Employment Exchange Registration Details. | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Registration Number | | Name of the Exchange | | Yr of Registration | |

**Qualification Details (Attach self-attested photocopies of all supporting documents)**

| Sl No | Examination Passed | Stream | Year of Passing | Duration of Course | Name of the Institute | Board/ University | Division / Grade | %age |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

**Experience Details**

| Sl No | Organization Name | Post Held | From Date | To Date | Description |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

**Declaration**

I do here by declare that the above information as furnished by me is true to the best of my knowledge & belief. I further give an undertaking that at any point of time, if any of the above Information is found false/ incorrect my candidature is liable to be cancelled/rejected followed by prosecution under the law.

**Date:** **Signature of Candidate**

**Instructions to the Candidate:**

1. Send the application along with self-attested photocopies of all supporting documents.